मुख्यमंत्री ने नजिामपुर सहति 9 गाँवों में पानी की समस्या दूर करने के लयि 34 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी

चर्चा में क्यों?

24 मई, 2023 को हरयिाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के आखरिी छोर पर राजस्थान की सीमा से लगे महेंद्रगढ़ ज़लिा के गाँव नजिामपुर सहति क्षेत्र के 9 गाँवों में पानी की समस्या को दूर करने के लयि 34 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी।

प्रमुख बदिु

- इस योजना के तहत 5 और 4 गाँव के दो गुरुप बनाकर धनचौली माइनर व हसनपुर डसि्ट्रीब्यूटरी से लकि बनाकर क्षेत्र में पानी के 10 से 12 स्टोरेज टैंक बनाए जाएंगे और पाइप के माध्यम से कसिानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस दौरान गाँव में कम्युनटिी सेंटर बनाने की मांग को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी प्रदान की और पड़ोस के गाँव नापला में भी कम्युनटिी सेंटर का काम शुरू करवाने की बात भी कही।
- मुख्यमंत्री ने गाँव नज़िामपुर में 16 करोड़ 11 लाख 81 हज़ार रुपए की लागत से बनने वाली तीन परयिोजनाओं की आधारशलिा भी रखी।
- इन परयिोजनाओं में 346.81 लाख रुपए की लागत से बनने वाले धोलेड़ा बाईपास, गाँव बीघोपुर-धोलेड़ा-ख्वाजपुर के लयि 704 लाख रुपए तथा गाँव इकबालपुर नंगली-नेहरू नगर-भुंगारका के लयि 561 लाख रुपए की सूक्ष्म सचिाई परयिोजनाएँ शामलि हैं।
- धोलेड़ा बाइपास क्षेत्र की पुरानी मांग थी और इस परयिोजना के धरातल पर साकार होने से क्षेत्र की सड़कों के ढाँचागत तंत्र में वसि्तार होगा। इसी तरह सूक्ष्म सचिाई परयिोजनाओं से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मलिेगा बल्क कसिानों को भी इसका लाभ होगा।
- प्रदेश के हर गाँव में पानी पहुँचाने की सोच पर काम करते हुए दक्षणि हरयिाणा को यमुना नदी का पानी उपलब्ध कराने के लयि पुराने लफि्ट ससि्टम को 143 करोड़ रुपए की लागत से नया कयिा गया है। इस प्रयास से प्रदेश की 300 टेल तक पानी पहुँचा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-approved-a-scheme-of-rs-34-crore-to-solve-the-water-problem-in-9-villages-including-nizampur